# कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

Phone No: 05644- 222774 *Email* -1. rdgirls@gmail.com
2. rdgirlsbharatpur@gmail.com
https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbharatpur


## राष्ट्रिय सेवा योजना NSS के कार्यक्रम

**2020—21**

26.06.2020 — अन्तर्राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस को तम्बाकू के दुरूपयोग व अवैध व्यापार के विरूद्ध कार्यक्रम का आयोजना किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अकादमिक प्रभारी श्रीमती मधु शर्मा ने की।





नशीले पदार्थों के सेवन से सेहत का नुकसानः मधु शर्मा

08.07.2020—14.07.2020 — को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.एम. त्रिगुणायत की अध्यक्षता में किया गया। जिसके अन्तर्गत 'शिक्षित बालिका भविष्य देश का' विषय पर ऑनलाइन निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं को वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से **'Each one teach one'** का संदेश दिया गया।





शिक्षा जीवन भर चलती हैः त्रिगुणायत



'निरक्षर को साक्षर करने का प्रण ले तो अशिक्षा समाप्त हो जाएगी'

11.07.2020 — को प्राचार्य जी की अध्यक्षता में 'अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस' का आयोजन किया गया।

# कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

Phone No: 05644- 222774 *Email* -1. rdgirls@gmail.com
2. rdgirlsbharatpur@gmail.*com*
https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbharatpur


## राष्ट्रिय सेवा योजना NSS के कार्यक्रम

**2020—21**





### कॉलेज में जनसंख्या दिवस मनाया

भरतपुर (निस)। रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम.एम. त्रिगुणायत ने कहा कि विश्व की जनसंख्या निरंतर तीव्र गति से बढ़ती जा रही है जबकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संसाधन सीमित है। बढ़ती जनसंख्या के कारण इन पर दबाव बढ़ता जा रहा है जो भविष्य में मानव सभ्यता के लिए खतरे का संकेत है। महाविद्यालय की अकादमिक प्रभारी मधु शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस दिवस को मनाये जाने की उपादेयता पर प्रकाश डाला। इस अवसर एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. सरोज ने कहा कि बालिकायें यदि शिक्षित होंगी तो जनसंख्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। एन.एस.एस. अधिकारी सुमन गोयल, दीप्ति अग्रवाल व अनीता मीणा ने भी इस संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए। कोरोना वैश्विक महामारी के चलते महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं को व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से कार्यक्रम में जोड़ा गया। कार्यक्रम में शैक्षणिक व मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित रहे।



15.07.2020 – को ‘विश्व युवा कौशल दिवस’ का आयोजन किया गया।



### ‘निरक्षर को साक्षर करने का प्रण ले तो अशिक्षा समाप्त हो जाएगी’

भरतपुर, (निस)। रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह का समापन प्राचार्य डॉ. मदन मोहन त्रिगुणायत की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने शिक्षा की उपादेयता व महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगर प्रत्येक साक्षर व्यक्ति एक निरक्षर को साक्षर करने का प्रण ले तो देश से अशिक्षा समाप्त हो जाएगी। कोरोना वैश्विक महामारी के चलते एक ऑनलाइन निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय 'शिक्षित बालिका भविष्य देश का' रखा गया। इस प्रतियोगिता में हेली सिंह प्रथम, सोनिया योगी व शुचि शर्मा द्वितीय व ममता शर्मा एवं मानसी चौधरी तृतीय स्थान पर रहीं।

एनएसएस अधिकारी सुमन गोयल, दीप्ति अग्रवाल व अनीता मीणा निर्णायक मण्डल में शामिल रहीं। एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. सरोज ने प्राचार्य के साथ विजेताओं के नामों की घोषणा की। साथ ही 'विश्व युवा कौशल दिवस' का आयोजन प्राचार्य डॉ. मदन मोहन त्रिगुणायत की अध्यक्षता में किया गया।

उन्होंने युवाओं के लिये रोजगार के विभिन्न आयामों पर चर्चा की तथा युवाओं में बेहतर राष्ट्र के निर्माण के लिये रोजगार कौशल के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना ही इस दिवस का उद्देश्य बताया।

इस अवसर पर डॉ. सरोज व सुमन गोयल ने इस वर्ष के विश्व युवा कौशल दिवस की थीम पर अपने विचार व्यक्त किये। दीप्ति अग्रवाल व अनीता मीणा ने कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी व मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित थे।



28.07.2020 – को **‘World Nature Conservation Day’** का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत आम, जामुन, पपीता, आंवला, बहेड़ा, नींबू, मौसमी आदि बीजों का प्रकीर्णन किया गया है।

# कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

Phone No: 05644- 222774 *Email* -1. rdgirls@gmail.com
2. rdgirlsbharatpur@gmail.*com*
https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbharatpur

## राष्ट्रिय सेवा योजना NSS के कार्यक्रम

**2020—21**






रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में बीजारोपण किया

30.07.2020 – को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत प्राचार्य डॉ. एम.एम. त्रिगुणायत की अध्यक्षता में नीम, शीशम, करंज, आदि छायादार आम, जामुन, शहतूत आदि फलदार गुड़हल, गुलाब, मोगरा आदि फूलदार पौधे लगाये गये।






'पौधे जीवन के लिए अत्यंत जरूरी'

08.08.2020 – गाँधी जी की 150 वीं जयन्ती व भारत छोड़ो आन्दोलन की वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आन्दोलन की पृष्ठभूमि, कारण, विकास आदि की जानकारी विभिन्न वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से स्वंय सेविकाओं को दी गयी।

15.08.2020 – को 'स्वतंत्रता दिवस' पूरे जोश व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.एम. त्रिगुणायत ने ध्वजारोहण करते हुये। वीर शहीदों के बलिदान व योगदान को नमन किया। तत्पश्चात् प्राचार्य जी के

# कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

Phone No: 05644- 222774 *Email* -1. rdgirls@gmail.com

2. rdgirlsbharatpur@gmail.*com*

https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbharatpur


## राष्ट्रिय सेवा योजना NSS के कार्यक्रम

**2020—21**

निर्देशन में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया।







**20.08.2020** — को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी का जन्मदिन सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया।







### राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला

भरतपुर, (निसं)। रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय भरतपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्मदिन को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एमएम त्रिगुणायत ने युवाओं के प्रेरणा स्रोत राजीव गांधी के पंचायतीराज, औद्योगिक क्रान्ति, दूरसंचार क्रान्ति, कम्प्यूटर के क्षेत्र में योगदान, रेलवे का आधुनिकरण, श्रीलंका के गृहयुद्ध में शांति स्थापित करना आदि पर विस्तृत विचार व्यक्त किये। एनएसएस प्रभारी डॉ. सरोज व दीप्ति अग्रवाल ने भारत रत्न राजीव गांधी के जीवन, कृत्यों व उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सुमन ने व धन्यवाद अनीता मीणा ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारीगण व मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित रहे। वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौर में स्वयं सेविकाओं को वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जोड़ा गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमएम त्रिगुणायत ने समस्त स्टाफ को सद्भावना दिवस पर शपथ दिलवाई।



### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयन्ती पर सद्भावना का संकल्प



### राजीव गांधी को किया याद, अधिकारी व कर्मचारियों ने लिया सद्भावना का संकल्प

**24.09.2020** — को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। जिसमें एन.एस.एस. के उद्देश्य, इतिहास व गतिविधियों की जानकारी दी गयी।

# कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

Phone No: 05644- 222774 *Email* - 1. rdgirls@gmail.com
2. rdgirlsbharatpur@gmail.*com*
https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbharatpur


## राष्ट्रिय सेवा योजना NSS के कार्यक्रम

**2020—21**

1. **02.10.2020** — को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. एम.एम. त्रिगुणायत ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर स्वतंत्रता आन्दोलन पर आधारित एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।






जयंती पर बापू और शास्त्री का भावपूर्ण स्मरण किया


बापू के संदेश को जीवन में अपनाना बहुत जरूरी




**13.11.2020** — को पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन की पूर्व संध्या के उपलक्ष्य में 'आधुनिक भारत के निर्माता एवं पंचशील सिद्धान्त' विषय पर वेबिनार का आयोजन किया जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. शशिप्रभा, सह आचार्य, हिन्दी रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अकादमिक प्रभारी डॉ. मधु शर्मा ने की।

# कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

Phone No: 05644- 222774 *Email* -1. rdgirls@gmail.com
2. rdgirlsbharatpur@gmail.*com*
https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbharatpur

## राष्ट्रिय सेवा योजना NSS के कार्यक्रम

## 2020—21







19.11.2020 से 25.11.2020 — तक 'कौमी एकता सप्ताह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि द्वारा समस्त महाविद्यालय के स्टाफ को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। साथ ही कोरोना से बचने के लिये मास्क वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।







इंदिरा गांधी को किया याद, राजकीय कन्या महाविद्यालय में कौमी एकता सप्ताह मनाया



# कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

Phone No: 05644- 222774 *Email* - 1. rdgirls@gmail.com
2. rdgirlsbharatpur@gmail.*com*
https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbharatpur

## राष्ट्रिय सेवा योजना NSS के कार्यक्रम

**2020—21**





**कौमी एकता सप्ताह के तहत मास्क बांटकर किया जागरूक**

भरतपुर @ पत्रिका. रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में कौमी एकता सप्ताह का समापन किया गया। सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय एकता की शपथ व प्रथम महिला प्रधानमन्त्री इन्दिरा गांधी के जन्म दिन मनाने के साथ हुआ। इस दौरान भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन पर एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही सर्वधर्म सद्भाव पर एकल गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से कमजोर वर्ग के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रेषित की गई। एक ऑनलाइन निबन्ध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका विषय महिला सशक्तिकरण रखा गया। वैश्विक महामारी कोविड-19 के चलते मास्क वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. सरोज, सुमन गोयल, दीप्ति अग्रवाल और अनीता मीणा आदि ने मास्क वितरित किए।



**कौमी एकता सप्ताह' का समापन**

भरतपुर (निस)। रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'कौमी एकता सप्ताह' का समापन किया गया।

सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय एकता की शपथ व प्रथम महिला प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी के जन्म दिन मनाने के साथ हुआ। इस दौरान भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन पर एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही सर्वधर्म सद्भाव पर एकल गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा कमजोर वर्ग के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी सभी व्हाट्सएप ग्रुप पर पीडीएफ के द्वारा प्रेषित की गई। एक ऑनलाइन निबन्ध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसका विषय ''महिला सशक्तिकरण'' रखा गया। वैश्विक महामारी कोविड-19 के चलते मास्क वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम अधिकारियों डॉ.सरोज, सुमन गोयल, दीप्ति अग्रवाल और अनीता मीणा द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर निःशुल्क मास्क वितरित किए गए।



**बेबिनार से मनाया कौमी एकता सप्ताह, एकता की दिलाई शपथ**

मास्कर संवाददाता | भरतपुर

श्री अग्रसेन महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई द्वारा ऑनलाइन वेबिनार के जरिए बुधवार को कौमी एकता सप्ताह मनाया गया। इसमें प्रतिदिन अलग-अलग विषयों पर कार्यक्रम किए गए। कौमी एकता सप्ताह को सार्वजनिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता की ताकत को मजबूत करने के लिए और बढ़ावा देने के लिए मनाया गया। समापन के अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डा. गम्भीर सिंह ने स्वयं सेविकाओं को बताया पूरे सप्ताह के कार्यक्रमों में 19 नवंबर को राष्ट्रीय एकता दिवस, 20 को अल्पसंख्यक कल्याण दिवस, 21 को भाषाई सद्भाव, 22 को कमजोर वर्गों का, 23 को सांस्कृतिक एकता, 24 को महिला दिवस एवं 25 नवंबर को समापन एवं संरक्षण दिवस पर बेवीनार की गई।

रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में बुधवार को कौमी एकता सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय एकता की शपथ और प्रथम महिला प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी का जन्मदिन मनाने के साथ हुआ। इस दौरान भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन पर एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, सर्वधर्म सद्भाव पर एकल गायन प्रतियोगिता और महिला सशक्तिकरण विषय पर ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता भी हुई। इस अवसर पर केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा कमजोर वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। वैश्विक महामारी कोविड-19 के चलते मास्क वितरण भी किया गया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डा. सरोज, सुमन गोयल, दीप्ति अग्रवाल और अनीता मीणा ने सार्वजनिक स्थलों पर निःशुल्क मास्क वितरित किए।

26.11.2020 को 'संविधान दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुये महाविद्यालय स्टाफ को निष्ठापूर्वक पालन करने की शपथ दिलवायी गयी।

# कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

Phone No: 05644- 222774 *Email* -1. rdgirls@gmail.com
2. rdgirlsbharatpur@gmail.*com*
https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbharatpur

## राष्ट्रिय सेवा योजना NSS के कार्यक्रम

## 2020—21



Rashtradoot |Hin.
epaper.rashtradoot.com

**संविधान दिवस पर शपथ दिलाई**



**संविधान दिवस पर अधिकारी-कर्मचारियों को प्रस्तावना की जानकारी देकर दिलाई शपथ**



**संविधान की प्रस्तावना का पठन कर मौलिक कर्तव्यों के पालन का लिया संकल्प**

01.12.2020 को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। जिसमें विभिन्न वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से एड्स के कारण, बचाव के उपाय व एड्स पर जागरूकता अभियान की जानकारी दी गयी।



**एड्स पर जागरूकता अभियान चलाया**

भरतपुर (निस)। आज रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में विष्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना व रेडरिबन क्लब, आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि ने एड्स पर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत स्वयं सेविकाओं को ऑनलाइन जानकारी देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के चलते इस प्रकार के कार्यक्रमों का ऑफलाइन संचालन संभव नहीं है किन्तु विभिन्न वाट्स एप ग्रुप्स के माध्यम से संदेश प्रेषण की व्यापकता और अधिक बढ़जाती है।



**एड्स दिवस पर दी जानकारी**

भरतपुर @ पत्रिका. रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड रिबन क्लब आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम किया गया। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि ने एड्स पर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत स्वयंसेविकाओं को ऑनलाइन जानकारी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के चलते इस प्रकार के कार्यक्रमों का ऑफलाइन संचालन संभव नहीं है, लेकिन विभिन्न वाट्स एप ग्रुप के माध्यम से संदेश प्रेषण की व्यापकता और अधिक बढ़ जाती है। एनएसएस परामर्शदात्री समिति की सदस्य डॉ. निशा गोयल के परमर्शानुसार एनएसएस अधिकारी डॉ. सरोज, सुमन गोयल, दीप्ति अग्रवाल एवं अनीता मीणा ने एड्स जागरूकता से सम्बन्धित वीडियो और पीडीएफ बनाकर छात्राओं को ऑनलाइन जानकारी दी।

10.12.2020 मानवाधिकार दिवस का आयोजन





18.01.2021 सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत सपथ कार्यक्रम

# कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

Phone No: 05644- 222774 *Email* -1. rdgirls@gmail.com

2. rdgirlsbharatpur@gmail.*com*

https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbharatpur


## राष्ट्रिय सेवा योजना NSS के कार्यक्रम

**2020—21**





भरतपुर

**जिंदगी अनमोल है, यातायात के नियमों का पालन करें और सुरक्षित घर पहुंचें : डिडेल**

सड़क सुरक्षा की शपथ और वाहन रैली निकालकर किया सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ

हेलमेट न लगाने व सीट बेल्ट नहीं लगाने से बढ़ रहे हादसे

23.01.2021 को नेताज सुभाषचन्द जयन्ती पराक्रम दिवस के रूप में मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. करूणा गौर ने उनकी तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित करते हुये उनके जीवन से सम्बन्धित प्रेरक प्रसंगों पर प्रकाश डाला।







भरतपुर

पराक्रम दिवस के रूप में मनाई बोस की जयंती, देश के लिए उनके योगदान को किया याद

25.01.2021 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि ने महाविद्यालय परिवार व छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई।

# कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

Phone No: 05644- 222774 *Email* -1. rdgirls@gmail.com
2. rdgirlsbharatpur@gmail.*com*
https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbharatpur

## राष्ट्रिय सेवा योजना NSS के कार्यक्रम

## 2020—21







मतदाता दिवस पर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की दिलाई शपथ

30.01.2021 को गाँधी जी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया, जिसके अन्तर्गत उनकी तस्वीर पर समस्त महाविद्यालय स्टाफ ने पुष्पांजलि अर्पित की। तथा इस अवसर पर उनके प्रिय भजनों व रामधुन का गायन किया गया।







08.03.2021 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेविकाओं ने अपने विचार व्यक्त किये।

# कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

Phone No: 05644- 222774 *Email* -1. rdgirls@gmail.com
2. rdgirlsbharatpur@gmail.*com*
https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbharatpur


## राष्ट्रिय सेवा योजना NSS के कार्यक्रम

## 2020–21







17.03.2021 को 12 मार्च 2021 से प्रारम्भ हो रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत एक सांकेतिक दाण्डी मार्च का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एम.एम. त्रिगुणायत ने हरी झण्डी दिखाते हुये इसे रवाना किया। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने बड़ी संख्या में बढ़चढ़कर भाग लिया।





# कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

Phone No: 05644- 222774 *Email* -1. rdgirls@gmail.com

2. rdgirlsbharatpur@gmail.*com*

https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbharatpur


## राष्ट्रिय सेवा योजना NSS के कार्यक्रम

### 2020—21

**स्वयंसेविकाओं ने निकाली रै[ली]**

भरतपुर . रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 12 से आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत स्वंयसेविकाओं की ओर से सांकेतिक दांडी मार्च का आयोजन किया गया।अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन मोहन त्रिगुणायत ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारम्भ किया। स्वयंसेविकाओं ने 'अहिंसा के प्रतीक हमें दे गए सत्य की सीख', 'सत्य अहिंसा के अनुयायी बाप[ू ने] स्वाधीनता दिलवाई', 'उच्च वि[चार] अद्भुत काया बापू को कोई सम[झ न] पाया' एवं चला के चरखा प[हन के] खादी बापू ने दिलवाई आ[जादी] आदि नारों का उद्घोष करते [हुए] भाग लिया। एनएसएस प्रभारी [डॉ.] सरोज, कार्यक्रम अधिकारी [सुमन] गोयल व अनिता मीणा ने स[हयोग] दिया। रैली में अकादमिक प्र[भारी] मधु शर्मा, डॉ. निशा गोयल व सा[धना] शर्मा आदि मौजूद रहीं। इस मौके [पर] मंजू वर्मा, सूर्यप्रकाश, मनीष पु[री] गजेन्द्र बेनीवाल आदि मौजूद र[हे]।

**सांकेतिक दांडी मार्च का आयोजन**



दांडी मार्च का किया गया आयोजन। संवाद

भरतपुर। रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय भरतपुर में एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने सांकेतिक दांडी मार्च का आयोजन किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मदन मोहन त्रिगुणायत ने दांडी मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मार्च में स्वयंसेविकाओं ने 'अहिंसा के प्रतीक हमें दे गये सत्य की सीख', 'सत्य अहिंसा के अनुयायी बापू ने स्वाधीनता दिलवाई' आदि नारे लगाए। एनएसएस प्रभारी डॉ. सरोज, कार्यक्रम अधिकारी सुमन गोयल, अनीता मीणा ने रैली के आयोजन में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। रैली में अकादमिक प्रभारी मधु शर्मा, डॉ. निशा गोयल, साधना शर्मा मौजूद रहीं। मंजु वर्मा, सूर्यप्रकाश, मनीष पूरी और गजेंद्र बेनीवाल आदि रहे। संवाद

भरतपुर, गुरुवार, 18 मार्च, 2021 | 15

**आरडी गर्ल्स कॉलेज में निकाला सांकेतिक दांडी मार्च**

भरतपुर। रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में बुधवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सांकेतिक दांडी मार्च निकाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज प्राचार्य डॉ. मदन मोहन त्रिगुणायत ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वंय सेविकाओं ने 'अहिंसा के प्रतीक हमें दे गए सत्य की सीख', 'सत्य अहिंसा के अनुयायी बापू ने स्वाधीनता दिलवाई', 'उच्च विचार अद्भुत काया बापू को कोई समझ न पाया', ' चला के चरखा पहन के खादी बापू ने दिलवाई आजादी' नारे लगाए। इसमें एनएसएस प्रभारी डॉ. सरोज, कार्यक्रम अधिकारी सुमन गोयल, अनिता मीणा, अकादमिक प्रभारी मधु शर्मा, डॉ. निशा गोयल और साधना शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

23.3.2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तीन दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम उद्घाटन व शहीद दिवस का आयोजन 23 मार्च को शहीद दिवस के अवसर पर शहीद हुए राष्ट्र भक्त सरदार भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु के जीवन वृतान्त व स्वतन्त्रता संग्राम में उनकी भूमिका पर प्रकाश ड़ाला।





24 मार्च 2021.— अभिविन्यास कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान व प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन

# कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

Phone No: 05644- 222774 *Email* -1. rdgirls@gmail.com

2. rdgirlsbharatpur@gmail.*com*

https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbharatpur


## राष्ट्रिय सेवा योजना NSS के कार्यक्रम

**2020–21**









### निराई-गुड़ाई कर रोपे पौधे

भरतपुर. रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.एम त्रिगुणायत के निर्देशन में प्रथम एक दिवसीय शिविर बुधवार को लगाया गया। एनएसएस प्रभारी डॉ. सरोज ने स्वयंसेविकाओं को श्रमदान का महत्व बताते हुए स्वच्छता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी सुमन गोयल ने एनएसएस के अन्तर्गत समाज सेवा की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में समाज विज्ञान विभाग की सफाई की। साथ ही पौधों की निराई-गुड़ाई व सिंचाई कर नए पौधे रोपे। अन्त में स्वयंसेविकाओं को विभिन्न खेल खिलाए गए, जिससे उनमें सृजनात्मकता व व्यक्तित्व का विकास हो सके और उनकी विभिन्न अभिरुचियों की जानकारी हो। इस दौरान एनएसएस सहायक सूर्यप्रकाश शर्मा, मंजू वर्मा, गजेन्द्र सिंह बेनीवाल, मनीष पुरी एवं बृजेश्वरी आदि मौजूद रहीं।



भरतपुर, गुरुवार, 25 मार्च, 2021 | 12

### आरडी गर्ल्स कॉलेज में बताया श्रमदान का महत्व

राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर आयोजित

भरतपुर | रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी डॉ. सरोज ने स्वयं सेविकाओं को श्रमदान का महत्व बताया। कार्यक्रम अधिकारी सुमन गोयल ने विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दूसरे चरण में स्वयं सेविकाओं ने कॉलेज परिसर में समाज विज्ञान विभाग की सफाई की। पौधों की निराई-गुड़ाई, सिंचाई की। नए पौधे भी रोपे। इस दौरान स्वयं सेविकाओं को कई खेल खिलाए गए। कार्यक्रम में एनएसएस सहायक सूर्यप्रकाश शर्मा, बृजेश्वरी ने सहयोग किया।



### श्रमदान का महत्व बताते हुये स्वच्छता पर प्रकाश डाला

राजकीय रामेश्वरी देवी रा. कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

**25 मार्च 2021–** को अभिविन्यास कार्यक्रम का समापन किया गया जिसमें

देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन








### देशभक्ति गायन में सोनिया प्रथम

भरतपुर. राजकीय रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीन दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का समापन गुरुवार को हुआ। ... एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुमन गोयल ने दिया।

# कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

Phone No: 05644- 222774 *Email* -1. rdgirls@gmail.com

2. rdgirlsbharatpur@gmail.*com*

https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbharatpur


## राष्ट्रिय सेवा योजना NSS के कार्यक्रम

## 2020–21

<u>26 मार्च 2021– </u> को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कोविड–19 की भयावता को बताते हुये उससे बचने के उपायों पर चर्चा एवं स्वयंसेविकाओं ने नुक्कड नाटक के माध्यम से खेल–खेल में कोविड़–19 से बचने के उपाय बताये।






कच्ची बस्ती में बताए कोरोना से बचाव के उपाय

<u>27 मार्च 2021 – </u> को NSS के तत्वाधान में तृतीय एक दिवसीय शिविर के अन्तर्गत राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन

स्वयंसेविकाओं ने NSS गीत 'उठे समाज के लिये उठें उठें' प्रस्तुत किया।







# कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

Phone No: 05644- 222774 *Email* -1. rdgirls@gmail.com
2. rdgirlsbharatpur@gmail.*com*
https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbharatpur

## राष्ट्रिय सेवा योजना NSS के कार्यक्रम

**2020–21**



'युवा राष्ट्र को दिशा प्रदान करते हैं'



राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाएं युवा



स्वतन्त्रा संग्राम एवं हमारे युवा ऑन लाईन कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित







कोरोना काल में जन जागरूकता अभियान के अन्तर्गत चित्रकला, श्लोगन एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन



चित्रकला, स्लोगन व निबन्ध प्रतियोगिता का परिणाम घोषित



एन एस एस अधिकारी डॉ0 निशा गोयल का राज्य स्तरीय सम्मान

# कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

Phone No: 05644- 222774 *Email* -1. rdgirls@gmail.com
2. rdgirlsbharatpur@gmail.*com*
https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbharatpur


## राष्ट्रिय सेवा योजना NSS के कार्यक्रम

**2020—21**

| | | |
|---|---|---|
|  |  |  **डॉ. निशा गोयल को राज्य स्तर पर किया सम्मानित**<br>भरतपुर @ पत्रिका. रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय की एनएसएस अधिकारी डॉ. निशा गोयल को राज्यस्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि ने बताया कि कॉलेज शिक्षा राजस्थान उच्च शिक्षा विभाग जयपुर की ओर से सत्र 2018-19 के अवॉर्ड की घोषणा की गई व राजस्थान संगीत संस्थान राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयपुर में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में यह अवॉर्ड उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. भंवर सिंह भाटी, आयुक्त कॉलेज शिक्षा विभाग जयपुर संदेश नायक व एनएसएस राज्य समन्वयक डॉ. बनय सिंह ने दिया। |
| | | |